# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(द्वितीय सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 13 मार्च, 2018/22 फाल्गुन, 1939 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 16**

----

### ग्रीन हाऊस

***63 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जिला बिलासपुर में कितने ग्रीन हाऊस लगाए गए व कितने प्रतिशत अनुदान दिया गया; और

(ख) ऐसे कितने किसान हैं जिन्होंने एक वर्ष के भीतर अनुदान राशि लेकर ग्रीन हाऊस को बंद कर दिया; सरकार इनके विरूद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

----

### प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना

***64 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) लोक निर्माण विभाग, करसोग मण्डल में प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें स्वीकृत हुई; और

(ख) सड़कों के नाम व व्यय की गई धनराशि सहित ब्यौरा दें?

----

## बस क्रय

*65 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**
**श्री होशयार सिंह(देहरा) :**
**श्री अरूण कुमार(नगरोटा) :**
**श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में हि0प्र0 पथ परिवहन निगम द्वारा कितनी बसें, किस-किस कम्पनी से क्रय की गई तथा वर्तमान में निगम के बेड़े में कितनी बसें हैं;

(ख)वर्तमान में प्रतिमाह वैट लीज़ पर चलाई जा रही बसों का ब्यौरा आय व व्यय सहित दें;

(ग) गत तीन वर्षों में कितने स्पेयर पाट्र्स व टायरों की खरीद कहाँ-कहाँ से की गई और इस हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई गई; ब्यौरा दें; और

(घ) परिवहन निगम के पास JNNURM के तहत कितनी बसें हैं; इनमें कितनी बीते तीन साल के तहत कम हुई हैं; इनमें से कितनी बसें खड़ी हैं या उपयोग में नहीं हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड में नियुक्तियां

*66 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 नवम्बर, 2014 से 30 नवम्बर, 2017 तक प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड में विभिन्न पदों पर कितनी भर्तियां की गई; ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## विश्राम गृह

*67 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग के कितने विश्राम गृह निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) वन मण्डल रोहडू के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## धनराशि की स्वीकृति

***68 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2018 तक सरकार द्वारा वार्षिक रख-रखाव योजना (AMP) के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्रदेश में विभिन्न लोक निर्माण मण्डलों को प्रदान की गई; ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

## बी0ए0डी0पी के तहत राशि

***69 श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में बी0ए0डी0पी के अन्तर्गत जिला किन्नौर को कब कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व कितनी व्यय की गई, ब्यौरा उपमण्डलवार दें; और

(ख) इन योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कितनी अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है, अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें ?

----

## बस अड्डा

***70 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब का बस अड्डा हरियाणा, उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है;

(ख) यदि हाँ, तो क्या इसमें अंतरराज्यीय बस अड्डे हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इस दिशा में गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा क्या पग उठाए; ब्यौरा दें?

----

## Damtal Temple

***71 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that land of the Temple at Damtal in Kangra Distt. has been grabed; and

(b) if yes, what action has been taken by the Govt.?

----

## Census of Monkeys

***72 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that presently how many monkeys are there in the state; when was the last census conducted; districtwise details be given?

----

## Kundi Helipad

***73 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last two years how much budget has been allocated for completion of helipad at KUNDI (Salooni); and

(b) by when the work will be completed?

----

## धनराशि की कटौती

***74 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदारों से Building and Labour Cess के रुप में एक प्रतिशत धनराशि काटी जाती है; और

(ख) यदि हां, तो इस धनराशि का व्यय कहां और कैसे किया जाता है; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***75 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि डोडरा-क्वार में गोंसागो-जिस्कुन-जाखा सड़क का निर्माण कार्य बन्द है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब प्रारम्भ किया जाएगा और इस पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## चियोग बाईपास

*76 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि चियोग बाईपास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी डी.पी.आर. तैयार कर दी गई है तथा इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि व्यय की जाएगी ?

----

## आपराधिक मामले

*77 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब में बढ़ते हुए औद्योगिकरण के कारण आपराधिक मामले बढ़ रहे हैं; यदि हां, तो इसकी रोकथाम हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं; और

(ख) क्या सरकार बढ़ते आपराधिक मामलों के दृष्टिगत पुलिस कर्मियों के नए पद सृजित करने का विचार रखती है?

----

## Construction of Lift

*78 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-
(a) during the last three years how much funds has been sanctioned for construction of lift near Bhalai Mata Temple in district Chamba; and

(b) by when the work will be executed?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**
**Dated: 26th February, 2018.** **Secretary.**